# मुरैना की भौगोलिक स्थिति औद्योगिक विकास के अनुकूल

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 5 नवंबर।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि भौगोलिक स्थिति के लिहाज से मुरैना जिला औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत अनुकूल है। आगरा-ग्वालियर जैसे महानगरों से नजदीकी और नॉर्थ-साउथ रेलवे कॉरिडोर से मुरैना की कनेक्टविटी यहां रोजगार सृजन की संभावनाओं को बढ़ाती है।

**उद्योग संवर्धन संबंधी बैठक में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योगों पर की गई चर्चा**



कलेक्टर श्री जांगिड़, बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित उद्योग संवर्धन एवं निवेश प्रोत्साहन संबंधी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उद्योगों के विकास के लिए ठोस कदम उठाएं, निवेशकों को हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएं।

उन्होंने एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड स्कीम को अन्य योजनाओं से जोड़कर किसान एवं उद्यमियों को लाभ दिलाने की बात कही।

कलेक्टर ने उद्योग विभाग को निर्देश दिए कि पर्यावरणीय मानकों को पूरा करने वाली टायर पायरोलिसिस से जुड़ी नई इकाईयों को ही स्थापित कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को जिले में औद्योगिक इकाईयों का निरीक्षण कर प्रदूषण नियंत्रण मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

**बैठक में इनकी रही मौजूदगी :** एमपीआरडीसी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुश्री अनीशा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, महाप्रबंधक उद्योग बीएल मरकाम, एसडीएम मुरैना बीएस कुशवाह, एसडीओ फॉरेस्ट मधु सिंह सिसोदिया, सहायक संचालक उद्योग संजय चौधरी, एडीएच बागवानी एके कौशिक, डीजीएम एमपीईबी यशपाल सचदेवा, एमपीईबी भूपाल शरण, डीईओ ट्राइबल सौरभ राठौर सहित समस्त व्यापारीगण उपस्थित रहे।

**उद्यमियों ने बताई समस्याएं, कलेक्टर बोले होगा समाधान**

बैठक में मौजूद उद्यमियों ने ड्रेनेज व्यवस्था, ट्रैफिक जाम, गार्बेज कलेक्शन, डंपिंग एरिया न होने, श्रमिकों के लिए चिकित्सकों की अनुपलब्धता सहित सुरक्षा से जुड़ी समस्याएं बताईं। जिसे लेकर कलेक्टर श्री जांगिड़ ने कहा कि समस्याओं का समाधान जल्द ही प्रशासनिक स्तर पर किया जाएगा।

# फर्जी रजिस्ट्री से हुए नामांतरण के प्रकरण में पटवारी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 5 नवंबर।** शहर के बड़ोखर मौजा में स्थित प्लॉट की फर्जी तरीके से दो बार अलग-अलग क्रेताओं के नाम विक्रय पत्र संपादित कर दिए गए। फर्जी विक्रय पत्र के आधार पर हल्का पटवारी ने भी उक्त प्लॉट पर क्रेता के नाम नामांतरण कर दिया। सिटी कोतवाली थाने में वर्ष 2023 में दर्ज हुए धोखाधड़ी के इस मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने तत्कालीन बड़ोखर हल्का के पटवारी सुनील शर्मा को 5 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया है।

**2023 में दर्ज हुए अपराध की विवेचना में दोषी पाया गया पटवारी**



पुलिस के अनुसार फरियादी अमित डंडौतिया ने वर्ष 2023 में सिटी कोतवाली थाने में उसके स्वामित्व के बड़ोखर मौजा में स्थित प्लॉट की कुछ लोगों द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर दो बार अलग-अलग व्यक्तियों के नाम रजिस्ट्री किए जाने की शिकायत की थी। जांच के बाद कोतवाली पुलिस ने शिकायत को धोखाधड़ी का मामला मानते हुए धारा-420, 467, 468 के तहत महिला श्रीमती कृष्णा कुलश्रेष्ठ सहित अन्य के विरुद्ध अपराध दर्ज किया था। इस प्रकरण की विवेचना के दौरान पता चला कि कूटरचित तरीके से हुई रजिस्ट्री के आधार पर तत्कालीन बड़ोखर हल्का के पटवारी सुनील शर्मा ने क्रेता के नाम उक्त प्लॉट का नामांतरण भी कर दिया था। जिसके लिए पुलिस ने इस प्रकरण में पटवारी सुनील शर्मा को भी आरोपी बनाया था। 5 नवंबर को कोतवाली पुलिस ने पटवारी सुनील शर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ समारोहपूर्वक मनेगी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 5 नवंबर।** भारत सरकार ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ को देशभर में 07 नवम्बर 2025 से 07 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में इस गीत की भूमिका और इसकी स्थायी सांस्कृतिक विरासत के महत्व को दर्शाता है।

**7 नवम्बर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक वर्षभर होंगे कार्यक्रम**

वर्षभर इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें पहला चरण 07 से 14 नवम्बर 2025 को शुभारंभ के रूप में होगा। दूसरा चरण 19 से 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। तीसरा चरण 7 से 15 अगस्त 2026 तक हर घर तिरंगा अभियान के साथ मनाया जाएगा। चौथा और अंतिम चरण 01 से 07 नवम्बर 2026 तक समापन सप्ताह के रूप में आयोजित होगा।


इस संबंध में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने जिले के समस्त विभागों, आयुक्त नगर निगम, समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ और तहसीलदारों को पत्र लिखकर सूचित किया है कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

# स्ट्रीट लाईट के नाम पर हर साल खरीदी जबकि 2 साल वारंटी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 5 नवंबर।** कस्बा कैलारस निवासी पूरन शिवहरे ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ को शिकायती आवेदन दिया। जिसमें नगर परिषद कैलारस में विभिन्न अनियमितताओं का उल्लेख करते हुए जांच कराए जाने की मांग की गई है।

**नप कैलारस में अनियमितताओं को लेकर कलेक्टर से शिकायत**



इस ज्ञापन में पूरन शिवहरे ने कहा है कि बीते 3 साल में नगर परिषद द्वारा 20 लाख से अधिक की स्ट्रीट लाईटों के नाम पर खरीदी की गई है। जबकि खरीदी जाने वाली स्ट्रीट लाईटों की 2 साल की वारंटी मिलती है। लगातार खरीदी के बाद भी स्टोर में लाईटों की उपलब्धता नहीं है। ज्ञापन में स्वच्छता सामग्री एवं दीवार लेखन के नाम पर प्रतिमाह फर्जी बिलों के आधार पर चहेती फर्मों को मोटी राशि का भुगतान किया जाता है। तकरीबन डेढ़ किमी क्षेत्र में फैले नगर परिषद क्षेत्र में वाहनों में डीजल के उपयोग में बड़े स्तर पर धांधली होने की शिकायत भी श्री शिवहरे ने की है।

पूरन शिवहरे के अनुसार 10 अप्रैल 2023 को पीओ डूडा द्वारा अवैध नियुक्तियां बताते हुए 109 कर्मचारियों की सेवा समाप्त की गई थी, लेकिन सीएमओ द्वारा आवश्यकता का बहाना बनाकर प्रतिमाह उनके वेतन का भुगतान किया जा रहा है। ज्ञापन में बताया है कि नगर परिषद में तीन एआरआई के पदस्थ होने के बाद भी चपरासी को स्टोर प्रभारी और जल प्रदाय शाखा के प्रभारी के दायित्व सौंपे गए है। शिकायतकर्ता पूरन शिवहरे ने कलेक्टर श्री जांगिड़ से नगर परिषद कैलारस में व्याप्त अनियमितताओं की जांच कराए जाकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# अतिवर्षा से नष्ट हुई फसलों का उचित मुआवजा मिले : दिनेश

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 5 नवंबर।** विधानसभा क्षेत्र मुरैना के अंतर्गत दो दर्जन से अधिक गांवों में अतिवर्षा के कारण किसानों की खेतों में पककर तैयार धान सहित खरीफ सीजन की अन्य फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं है। फसलों में हुए नुकसान का जल्द सर्वे कराया जाए और पीड़ित किसानों को मुआवजे के रूप में अधिक से अधिक राशि दी जाए।

**मुरैना विधायक की कलेक्टर से मांग जल्द पूरा कराएं सर्वे कार्य**



मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने यह मांग कलेक्टर मुरैना से की है। विधायक श्री गुर्जर ने अतिवर्षा से फसलों में हुए नुकसान के संबंध में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, एसडीएम मुरैना बीएस कुशवाह से मोबाइल फोन पर चर्चा की और शीघ्र सर्वे कराने की मांग की। उन्होंने उचित मुआवजा राशि दिए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर को पत्र भी लिखा है।

इस पत्र में विधायक श्री गुर्जर ने अतिवर्षा से प्रभावित मुरैना विधानसभा क्षेत्र के गांवों का उल्लेख करते हुए किसानों की धान सहित अन्य फसलों में शत-प्रतिशत नुकसान होने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि किसानों को शीघ्र मुआवजा नहीं मिला तो आगामी विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

**इन गांवों में फसलों में हुआ शत-प्रतिशत नुकसान**

विधायक श्री गुर्जर ने पत्र में जिन गांवों में फसलों में नुकसान का जिक्र किया है। उनमें ग्राम नाका, कोतवाल, मदनबसई, जयनगर, बरेंडा, लभनपुरा, जारौनी, गिरगौनी, करूआ, जड़ेरूआ, चुरहेला, लौहगढ़, दौरावली, बमूरबसई, धनेला, पहाड़ी, जखौदा, सेवा, नूराबाद, मड़राई, गुलेन्द्र, खरगपुर, नाऊपुरा, बमरौली, रंचौली, पिलुआ, बिचौला, महटौली, करौला, सांगौली, परीक्षा, पारौली, रान्सू, खिरावली, अरदौनी, भैंसोंरा, मितावली, सिलगिला, पढ़ावली, नौगांव, ऐंती, गड़ाजर, रिठौराकलां, बढ़वारी, पिपरसेवा, उरहाना, टीकरी, बानमोरखुर्द, जगतपुर शाामिल है।

# मप्र पेंशनर्स समाज की जौरा इकाई की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 5 नवंबर।** मप्र पेंशनर्स समाज की जौरा इकाई की बैठक का आयोजन 5 नवंबर को कस्बे के गांधी वाचनालय में हुआ। जिसकी अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष कुंवरपाल त्यागी ने की।

इस बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं एवं लंबित मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिलाध्यक्ष आरपी त्यागी ने तीन प्रतिशत डीए एवं आठवें वेतन आयोग के लिए शीघ्र गठन किए जाने की मांगों को सरकार के समक्ष रखने की बात कही। बैठक में समस्त पेंशनर्स साथियों से सालाना जमा होने वाले जीवित प्रमाण पत्र को निश्चित समयावधि में जमा कराए जाने का आग्रह भी किया। बैठक में जीवाराम शर्मा, अजमेर सिंह, रमेशचंद्र, जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव, रामस्वरूप शाक्य, मांगीलाल सविता, श्रीराम गुप्ता, बैजनाथ पटवारी, शिवचरण, वृंदावनलाल शर्मा, नाथूराम सविता, डॉ. पदम कुमार जैन, मुरारीलाल श्रीवास्तव, रामगोपाल शर्मा, नेमीचंद्र सविता, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

## लुखरियाई गांव में विवाहिता ने फांसी लगाई

**मुरैना, 5 नवंबर।** अंबाह थाना क्षेत्र के ग्राम लुखरियाई में 4 नवंबर को विवाहिता सोनम सिकरवार 35 पत्नी राजेश सिकरवार ने अपने घर में रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचीं और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।



# बीएलओ घर-घर जाकर बांट रहे गणना फॉर्म, मैपिंग जारी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 5 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में मुरैना जिले में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य जारी है। जिसके तहत 5 नवंबर को जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बीएलओ ने अपने-अपने मतदान केंद्र से जुड़ी बस्तियों में घर.घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित किए। इस दौरान बीएलओ द्वारा फॉर्म भरने में आवश्यक सहयोग भी प्रदान किया गया।

**4 दिसंबर तक जारी रहेगा फॉर्म वितरण, सत्यापन कार्य**

एसडीएम सबलगढ़ सुश्री मेघा तिवारी के मार्गदर्शन में विधानसभा क्षेत्र 03 सबलगढ़ के अंतर्गत भाग संख्या 15 में बीएलओ ने घर-घर जाकर गणना फॉर्म वितरित किए। इसी प्रकार, भाग संख्या 12 बावड़ी पुरा में एसआईआर फॉर्म 25 वितरित किए गए।

बीएलओ द्वारा वर्ष 2003 में हुए विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची से मैपिंग का कार्य भी इस दौरान जारी है।

## न्यायोत्सव का आयोजन 9 से 14 नवंबर तक होगा

**मुरैना, 5 नवंबर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना श्रीमती संगीता मदान के मार्गदर्शन में 9 से 14 नवम्बर 2025 तक न्यायोत्सव कार्यक्रम विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में किया जाएगा। जिसके अन्तर्गत जिले में जन-जागरूकता कार्यक्रम, मैराथन और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। न्यायोत्सव के दौरान मुरैना जिले में विधिक साक्षरता शिविर, विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं, महिला एवं ग्रामीणजनों के लिए विधिक जागरूकता अभियान तथा मैराथन दौड़, बाईक रैली जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन आयोजनों का उद्देश्य आम नागरिकों में कानूनी अधिकारों और विधिक सहायता की जानकारी बढ़ाना तथा न्याय तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करना है।





# सत्य के मार्ग पर चलने वालों को मिलती है जीत : पं. महेश गुरू

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 5 नवंबर।** कस्बा जौरा में अग्रवाल महासभा के तत्वावधान में चल रही श्रीमद भागवत कथा का बुधवार को विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

**जौरा में विशाल भंडारे के साथ भागवत कथा का हुआ समापन**

आयोजन के अंतिम दिन कथाचार्य पं. महेश मिश्रा गुरू ने कहा कि जीवन में सत्य के मार्ग पर चलने वालों को जीत अवश्य मिलती है, फिर चाहे विजय प्राप्त करने में थोड़ी देरी ही क्यों न हो। झूठ तो क्षणभंगुर हैं, झूठ को टिके रहने के लिए बारम्बार अनेकों झूठ का सहारा लेना पड़ता है। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए पं. महेश गुरू ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सच्ची दोस्ती निभाई, सत्य को सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं होती, वह स्वयं अपनी चमक से जगमगाता है। भगवान की कथा का श्रवण जीवन में सुख शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है।

29 अक्टूबर से प्रारंभ हुई श्रीमद भागवत कथा का समापन 5 नवंबर को भंडारे के साथ हुआ। आयोजन के दौरान प्रतिदिन कस्बा जौरा सहित सबलगढ़, कैलारस, झुंडपुरा, मुरैना, अंबाह, बानमोर और धौलपुर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवण करने के लिए पहुंचतें थे। आयोजन में परीक्षित की भूमिका का निर्वहन अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष डॉ. अशोक सिंह ने किया।

# जपं सीईओ ने किया छात्रावास-बालक आश्रम का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 5 नवंबर।** बुधवार को गुरू नानक जयंती के मौके पर अवकाश के दिन कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर जनपद पंचायत पहाड़गढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी महावीर बौद्ध ने अनुसूचित जाति छात्रावास एवं बालक आश्रम का निरीक्षण किया।

**कलेक्टर के निर्देश पर अवकाश के दिन सीईओ ने पहुंचकर देखीं व्यवस्थाएं**



पहाड़गढ़ विकासखंड पर संचालित अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम के निरीक्षण के दौरान जपं सीईओ श्री बौद्ध के साथ एपीओ श्री गोयल भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान 50 सीटर छात्रावास में 46 बच्चे दर्ज होना पाया गया। जिनमें से 37 बच्चे छात्रावास में उपस्थित मिले। सीईओ श्री बौद्ध ने छात्रावास में बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की क्वालिटी की जांच की और बच्चों के साथ ही बैठकर भोजन किया। सीनियर कन्या बालिका छात्रावास के निरीक्षण के दौरान दर्ज 50 बालिकाओं में से 44 बालिका उपस्थित मिलीं। यहां किचिन गार्डन संचालित होना पाया गया। ग्राम पंचायत टिकटोली दूमदार में अमृत सरोवर तालाबों का निरीक्षण किया। जिसमें मौके पर सरपंच, सचिव उपस्थित थे। तालाब के बंड में कमियां मिलीं, जिनको सुधारने के लिए जपं सीईओ ने सरपंच एवं सचिव को आवश्यक निर्देश भी दिए।

# गजक बनाने वाले मजदूर के घर से जेवरात-नकदी चोरी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 5 नवंबर।** गजक बनाने का काम करने वाले मजदूर के घर का ताला तोड़कर बदमाश सोना-चांदी के जेवरातों के साथ ढाई हजार रूपये नकदी चुराकर ले गए। वारदात शहर के इस्लामपुरा क्षेत्र में ट्रंच रोड पर 4-5 नवंबर की दरम्यानी रात को होना बताई जा रही है।

**शहर के इस्लामपुरा क्षेत्र में टंच रोड पर हुई वारदात**



जानकारी के अनुसार ट्रंच रोड केपी नगर में किराए के मकान में रहने वाला भारत सिंह खटीक पुत्र सत्यराम खटीक गजक बनाने का काम करता है। काम के सिलसिले में भारत अपने परिवार के साथ मुरैना से बाहर गया हुआ था। सूने घर पर ताला लगा हुआ था। 5 नवंबर को जब भारत अपने घर पहुंचा तो मेनगेट पर लगा हुआ ताला टूटा मिला।

कमरे में रखी अलमारी से सोने की दो अंगूठी, चांदी की पाजेब, चांदी के चार सिक्के, हाथ-बच्चे का चांदी का कड़ा सहित ढाई हजार रूपये नकदी गायब थे।

भारत सिंह ने सिटी कोतवाली पुलिस को लिखित आवेदन देकर वारदात से अवगत करा दिया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

## सबलगढ़ में 535 ग्राम गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**मुरैना, 5 नवंबर।** सबलगढ़ थाने की पुलिस ने 4 नवंबर को कस्बे में एमएस रोड पर बेर वाली गली के सामने से रिहान खान पुत्र आबिद खान निवासी विक्रम नगर मुरैना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से 535 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। जिसका बाजारू मूल्य 8 हजार रूपये आंका गया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 8/20 एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

## वार्ड 13 स्वच्छता जन भागीदारी अभियान

**ग्वालियर।** तानसेन नगर में रहवासी श्री गोपीचंद अग्रवाल एवं कोटा वाला मोहल्ला के निवासी श्री आर .डी कोटिया द्वारा अपने निवास पर गीला कचरा से होम कम्पोस्टिंग करने पर नगर निगम ग्वालियर की तरफ से पार्षद श्रीमति ज्योति दिनेश सिकरवार द्वारा क्षेत्र के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री शरण कुमार, जोनल हेल्थ ऑफिसर श्री रवि करोसिया, वार्ड हेल्थ ऑफिसर श्री जीवन यादव, श्री मति नेहा घटकरे , सहायक भोला गोहर, आई ई सी म्यूज फाउंडेशन के साथ स्वच्छता सम्मान किया गया ।